• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

महानगर
वर्ष 58 | अंक 284 | पृष्ठ : 22+16
मूल्य : सात रुपये

अमर उजाला

PAGE NO 4 : TOP

राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता में मानवी अव्वल

बरेली। रिद्धिमा सभागार की ओर से बुधवार को द्वितीय राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता 'नाद साधना' का आयोजन किया गया। शास्त्रीय व उपशास्त्रीय संगीत पर आधारित इस प्रतियोगिता में 12 से 25 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में मानवी त्यागी ने प्रथम और अदम्य ने द्वितीय स्थान हासिल किया। शिल्पा पाठक और श्रेया दत्ता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार के रूप में क्रमशः 3,000, 2,000 और 1,000 रुपये प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया गया।

इससे पूर्व 25 अक्तूबर को आयोजित रेखांकन कला कार्यशाला एवं प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। फाइन आर्ट्स फैकल्टी सौरभ रस्तोगी ने विद्यार्थियों को फिगर मेकिंग व रेखांकन की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, डॉ. रीता शर्मा व डॉ. अनुज कुमार मौजूद रहे। संवाद